कार्यालय प्राचार्य, शासकीय जाज्वल्यदेव नवीन कन्या महाविद्यालय
जांजगीर (छ,ग,)

दिनांक 12/01/16

बैंकिग / रेलवें / SSC / व्यापंम परीक्षा की तैयारी हेतु आयोजित कार्यशाला का प्रतिवेदन

राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (**RUSA**) के अंतर्गत महाविद्यालय में छात्राओं के लिए बैंकिग / रेलवें / SSC / व्यापंम परीक्षा की तैयारी हेतु कार्यशाला का आयोजन दिनांक 12.01.2016 को हुआ। इस कार्यशाला में उपरोक्त प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी संबंधी जानकारी देने के लिए जांजगीर स्थित छत्तीसगढ पाई ट्यूटोरियल के संचालक श्री मयंक श्रीवास्तव एवं उनकी टीम को आमंत्रित किया गया था।

प्रशिक्षक श्री शिरोमणी चन्द्रा ने छात्राओं को अपना लक्ष्य निर्धारित करने को कहा क्योंकि लक्ष्य के बगैर सफलता प्राप्त नही की जा सकती। श्री लीलाधर चन्द्रा ने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए निरंतरता पर बल देते हुए कहा कि कोई भी लक्ष्य निरंतर प्रयास से ही हासिल की जा सकती है। श्री संजय साहू ने बैंकिग / रेलवें / SSC / व्यापंम के परीक्षा पैटर्न व पाठ्यक्रम पर प्रकाश डाला। श्री मयंक श्रीवास्तव ने कुछ प्रश्नों के माध्यम से हल करने की सरलतम विधि के बारे में बताया व कुछ कठिन विषयों को याद रखने की तकनीक के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर यातायात थाना प्रभारी कु. शीतल सिदार ने छात्राओं को संबोधित करते हुऐ कहा की आज की नारी हर क्षेत्र में अपना स्थान बना रही है, उनके लिए कोई भी लक्ष्य प्राप्त करना असंभव नही है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने के लिए प्रेरित भी किया।

यह कार्यशाला छात्राओं के लिए अत्यंत उपयोगी व सार्थक रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य व सभी प्राध्यापक उपस्थित थे। सभी छात्राओं एव प्रशिक्षकों को स्वल्पहार कराया गया।

(डॉ. दिलीप शुक्ला)
प्राचार्य
शास. जाज्वल्यदेव नवीन कन्या महाविद्यालय
जांजगीर (छ.ग.)